3 अप्रैल 2026

# आईएचएम हमीरपुर के प्रशिक्षुओं ने देश-विदेश में नाम कमाया

## 14वें वार्षिक समारोह 'उड़ान-2026' में एसपी ने छात्रों को बांटे पुरस्कार



हमीरपुर : वार्षिक समारोह में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य

दिव्य हिमाचल ब्यूरो - हमीरपुर



सलासी स्थित होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का 14वां वार्षिक समारोह 'उड़ान-2026' वीरवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि एसपी बलवीर सिंह ने दीप प्रज्जवलन के साथ इस समारोह का शुभारंभ किया। समारोह की विशिष्ट अतिथि विजया ठाकुर और एडीसी हमीरपुर एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए एसपी ने कहा कि आईएचएम हमीरपुर ने बहुत कम समय में ही कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और यहां के विद्यार्थी कई बड़ी कंपनियों में कार्यरत हैं तथा इन्होंने देश-विदेश में नाम कमाया है। एसपी ने कहा कि आज के दौर में सफलता के लिए कोई न कोई स्किल अवश्य होना चाहिए। युवाओं के कौशल विकास के लिए आईएचएम हमीरपुर जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिकए खेल और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इससे पहले, संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आईएचएम हमीरपुर की प्लेसमेंट का आंकड़ा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सौ प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि गत 15 वर्षों के दौरान संस्थान में तीन वर्षीय डिग्री के लगभग 950 विद्यार्थी, क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन के लगभग 441 छात्र और डिप्लोमा फूड एंड बेवरीज के लगभग 263 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। संस्थान के प्रवक्ता रोमी शर्मा ने मुख्य अतिथि अन्य अतिथियों, स्टाफ और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

### सागर वीका को मिला सर्वश्रेष्ठ छात्र का खिताब

समारोह में बीएससी एचएंडएचए के 2023-26 बैच के सागर वीका को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया। प्रियांशु शर्मा को मिक्सोलॉजी क्लैब, रणवीर को गुरमय क्लब, सागर वीका को आतिथ्यम और माहुल राणा को सज्जाकार क्लब के सर्वश्रेष्ठ छात्र के पुरस्कार दिए गए। शैक्षणिक गतिविधियों में सत्र 2024-25 के तृतीय वर्ष के लिए कनिका बनियाल को प्रथम, मनीश रावत को द्वितीय व राहुल शर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला। द्वितीय वर्ष के लिए प्रियांशु शर्मा को प्रथम, कार्तिक शर्मा को द्वितीय और सागर वीका को तृतीय पुरस्कार मिला। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में परीक्षित ठाकुर प्रथम, राहुल ठाकुर द्वितीय और अंशित पठानिया तृतीय रहे। क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन में कार्तिक शर्मा प्रथम, दीपक द्वितीय और अंकित मिन्हांस तृतीय, डिप्लोमा फूड एंड बीबरेज में नंदिनी प्रथम, विकास द्वितीय और निखिल तृतीय रहे।

AnyScanner

# आईएचएम पहुंची ओबराय, ताज व विवांता कंपनियां

## नामी होटलों में संस्थान के 82 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

- इंस्टीच्यूट ने दस साल में देश-विदेश की कई नामी कंपनियों में दिया रोजगार

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू में इस बार भी द ओबरॉय, ताज होटल, विवांता वाए ताज, रास होटल, गोल्कोंडा होटल, गोल्डन ट्यूलिप जालंधर, होटल पार्क एस्टीक पुणे, मैकडोनल्ड, बीकानेरवाला और त्रिनेत्रा वेंचर प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रसिद्ध कंपनियां आई हैं। इन कंपनियों ने मैनेजमेंट ट्रेनिंग, सुपरवाइजरी लेवल, एंट्री लेवल, फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस और प्रोडक्शन एंड बेक्वेट सेल्स के लिए विद्यार्थियों के इंटरव्यू लिए और दो से पांच लाख तक वार्षिक वेतन पैकेज प्रस्ताव दिए। विद्यार्थियों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया। संस्थान के 92 छात्रों में से 82 छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया, जिनमें से सभी 82 छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं। एडीसी हमीरपुर एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने बताया कि द ओबराय ग्रुप में छह छात्रों प्रियांशु शर्मा, आकाश शर्मा, अंकित, अखिल, सागर वीका और हरीश ठाकुर का चयन किया गया। विवांता व ताज में नवनीत और प्रियांशु का चयन किया गया। मैकडॉनल्ड्स नार्थ एंड ईस्ट इंडिया में 30 छात्रों का चयन हुआ है। बीकानेरवाला में 11, त्रिनेत्रा वेंचर में 24, पार्क एस्टिक में 11 और आरके कंपनी में 18 छात्र चयनित हुए हैं।

### प्रवेश को 25 तक करें ऑनलाइन आवेदन

प्रधानाचार्य ने बताया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान इस संस्थान ने अपने छात्रों को देश-विदेश में प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मुहैया करवाया है। यह संस्थान के छात्रों के साथ संस्थान के शिक्षकों व अन्य स्टाफ की ही मेहनत का नतीजा है। संस्थान में तीन वर्षीय बीएससी डिग्री समेत कई कोर्सेज करवाए जाते हैं। इस वर्ष आईएचएम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 मार्च है। अधिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट आईएचएमहमीरपुर.इन पर उपलब्ध है। संस्थान के हैल्पडैस्क नंबरों 98174-93382 और 94186-22786 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### तीन वर्षीय बीएससी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स

आईएचएम हमीरपुर संस्थान तीन वर्षीय बीएससी डिग्री पाठ्यक्रम चला रहा है। इसमें प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास है। हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशिन की डिग्री नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉज़ी (एनसीएचएमसीटी) नोएडा और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से दी जाती है। आईएचएम हमीरपुर में फूड प्रोडक्शन एंड पेटीसरी (सीसीसीएफपीपी) में डिप्लोमा और डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस (डीएफबीएस) और क्राफ्टसमैनशिप कोर्स भी करवाए जाते हैं।

---

# आईएचएम के विद्यार्थियों की हुई प्लेसमेंट

### 92 में से 82 छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में लिया भाग, सभी चयनित

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू में कई कंपनियां आई हैं।

इन कंपनियों ने मैनेजमैंट ट्रेनिंग, सुपरवाइजरी लेवल, एंट्री लेवल, फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस और प्रोडक्शन एंड बेक्वेट सेल्स के लिए विद्यार्थियों के इंटरव्यू लिए और दो लाख से पांच लाख रुपये तक वार्षिक वेतन पैकेज प्रस्ताव दिए। विद्यार्थियों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया। संस्थान के 92 छात्रों में से 82 छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया, जिनमें से सभी 82 छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं।

एडीसी हमीरपुर एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान इस संस्थान ने अपने छात्रों को देश-विदेश में प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मुहैया करवाया है। यह संस्थान तीन वर्षीय बीएससी डिग्री पाठ्यक्रम चला रहा है, जिसमें प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता जमा दो पास है।

हॉस्पिटेलिटी एंड होटल एडमिनिस्टेशिन की डिग्री नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी नोएडा और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से दी जाती है। आईएचएम में फूड प्रोडक्शन एंड पेटीसरी में डिप्लोमा और डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस और क्राफ्ट्समैनशिप कोर्स भी करवाए जाते हैं। संवाद

AnyScanner

नौकरी | आईएचएम हमीरपुर में इस बार भी ह... लगी नामी कंपनियों में प्रशिक्षुओं की प्लेसमेंट, 2023-26 ... के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए जा रहे हैं साक्षात्कार

# आईएचएम के छह प्रशिक्षुओं को ओबरोय होटल ने दिए ऑफर लेटर

कार्यालय संवाददाता - हमीरपुर

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है और इस बार भी संस्थान के छात्रों को देश की प्रसिद्ध होटल कंपनियों में प्लेसमेंट मिल रही है। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि इस बार वर्ष 2023-26 बैच के अंतिम वर्ष के छात्रों के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ताज होटल ग्रुप में रोजगार के लिए संस्थान के 32 छात्रों और ओबरोय होटल के लिए 18 छात्रों के साक्षात्कार लिए गए। इनमें से ओबरोय होटल ने छह छात्रों को ऑफर लैटर दिए व होटल ताज का रिजल्ट आना अभी बाकी है। पुनीत बंटा ने बताया कि इस बार नवंबर-दिसंबर में ओबरॉय होटल एंड रिजॉर्ट, विवांता वा, ताज, रास होटल, सर्टिलिंग होलिडेज, नील होस्पिटैलिटी, जस्टा होटल एंड रिजॉट, दा सूर्या, आरके एसोसिएट एंड होटलियर प्राइवेट लिमिटेड, बर्गर सिंह, अरविंद फैशन, दिल्ली डयूटी फ्री, अमरितारा होटल एंड रिजॉर्ट, मैकडोनल्ड्स नार्थ एंड ईस्ट इंडिया, बीकानेरवाला, हयात, रेडिसन ब्लू और अन्य कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं। पुनीत बंटा ने बताया कि संस्थान के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिनसे उन्हें प्लेसमेंट में भी काफी मदद मिलती हैं। इसी क्रम में बीते एक सप्ताह के दौरान कई प्रतियोगिताओं व रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बडिंग शैफ प्रतियोगिता सीजन-2 की पहली श्रेणी में हिमाचली स्नैक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इनमें से 8 टीमों का अगले दौर बेक इट बेस्ट चैलेंज के लिए चयन हुआ। इन 8 टीमों में प्रियांशु शर्मा, सागर वीका, रणवीर सिंह, शिवम ठाकुर, राहुल ठाकुर, मोदित ठाकुर, परीक्षित ठाकुर, सुंजल कुमार, निहारिका शर्मा, चेतन शर्मा, आयुष, अजीत प्रशर, श्रेजल जम्वाल व कमला ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में इन 8 टीमों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन टीमों में प्रियांशु शर्मा, सागर वीका, रणवीर सिंह,शिवम ठाकुर, निहारिका शर्मा व चेतन शर्मा शामिल रहे। इन्होंने विभिन्न संस्थानों में होने वाली प्रतियोगिताओं में आईएचएम हमीरपुर का प्रतिनिधित्व किया। प्रियांशु शर्मा व सागर वीका ने शिमला में आयोजित बेहतर रसोई पाक कला प्रतियोगिता सीजन-सात में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इशिता अरुण और मेहुल ने शिमला में आयोजित एन्जों गृह व्यवस्था ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह छात्र फाइनल राउंड के लिए मुंबई जाएंगें।



हमीरपुरः संस्थान के छात्रों को देश-विदेश की प्रसिद्ध होटल कंपनियों में मिली प्लेसमेंट

### नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई

संस्थान में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषय निबंध लेखन, लघु फिल्म व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन गतिविधियों में राहुल ठाकुर, अभिषेक और शुभम ठाकुर ने प्रथम, दीपक, मेहुल राणा व मुनिंदर कुमार ने द्वितीय और मोदित ठाकुर व प्रियांशु शर्मा तृतीय स्थान हासिल किए। संस्थान में 30 अक्तूबर को रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों व कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। एचआईवी एवं एड्स विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें वंश प्रथम, सागर वीका द्वितीय और शुभम ठाकुर तृतीय रहे।

# आईएचएम के प्रशिक्षुओं की नामी कंपनियों में होगी प्लेसमेंट : पुनीत

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि इस बार वर्ष 2023-26 बैच के अंतिम वर्ष के छात्रों के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं।

ताज होटल ग्रुप में रोजगार के लिए संस्थान के 32 छात्रों और ओबराय होटल के लिए 18 छात्रों के साक्षात्कार लिए गए। इनमें से ओबराय होटल ने छह छात्रों को ऑफर लैटर दिए और होटल ताज का रिजल्ट आना अभी बाकी है। इस बार नवंबर-दिसंबर में कई कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं।

संस्थान के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में बीते एक सप्ताह के दौरान कई प्रतियोगिताओं व रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बडिंग शैफ प्रतियोगिता सीजन-2 की पहली श्रेणी में हिमाचली स्नैक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया।

**बोले- छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित की जा रहीं कई गतिविधियां**

इनमें से 8 टीमों का अगले दौर बेक इट बेस्ट चैलेंज के लिए चयन हुआ। इन्होंने विभिन्न संस्थानों में होने वाली प्रतियोगिताओं में आईएचएम हमीरपुर का प्रतिनिधित्व किया। प्रियांशु व सागर ने शिमला में आयोजित बेहतर रसोई पाक कला प्रतियोगिता सीजन-7 में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ये छात्र फाइनल राउंड के लिए मुंबई जाएंगे। संवाद

# आईएचएम के 6 छात्रों को मिले ऑफर लैटर

हमीरपुर | होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स को रोजगार मुहैया कराने के लिए कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि इस बार वर्ष 2023-26 बैच के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ताज होटल ग्रुप में रोजगार के लिए संस्थान के 32 स्टूडेंट्स और ओबरोय होटल के लिए 18 स्टूडेंट्स के साक्षात्कार लिए गए। इनमें से ओबरोय होटल ने 6 स्टूडेंट्स को ऑफर लैटर दिए व होटल ताज का रिजल्ट आना अभी बाकी है। ये जानकारी पुनीत बंटा ने दी है।

AnyScanner

अमर उजाला हमीरपुर amarujala.com धर्मशाला | रविवार, 21 सितंबर 2025 5

# निहारिका मिस और आयुष मिस्टर फ्रेशर बने

## आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग बोले- किसी भी मंजिल को पाने के लिए मेहनत जरूरी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हमीरपुर ।** होटल प्रंबधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के नए विद्यार्थियों के लिए परिचय समारोह करवाया गया।

कार्यक्रम में निहारिका शर्मा ने मिस फ्रेशर और आयुष ने मिस्टर फ्रेशर का खिताब जीता। परिचय-2025 समारोह में जिंला हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ा परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी मंजिल को पाने के लिए मेहनत सबसे जरूरी है।

**होटल प्रंबधन संस्थान हमीरपुर में परिचय समारोह का आयोजन**

इसी के बल पर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। इससे पहले, मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने कहा कि परिचय-2025 समारोह का उद्देश्य प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों और संस्थान के वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और मेल मिलाप को बढ़ाना है।

इसी सहयोग और मेल-मिलाप के कारण ही आज तक आईएचएम में रैगिंग का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिनकी शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हिमाचली लोकनृत्य नाटी रही।

# आईएचएम के परिचय समारोह में निहारिका मिस और आयुष मिस्टर फ्रेशर बने

**स्टाफ रिपोर्टर - हमीरपुर**

होटल प्रंबधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के नए विद्यार्थियों का परिचय समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसमें निहारिका शर्मा ने मिस फ्रेशर और आयुष ने मिस्टर फ्रेशर का खिताब जीता। परिचय-2025 समारोह में जिला हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग, ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इससे पहले मुख्यातिथि, अन्य अतिथियों और प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने कहा कि परिचय-2025 समारोह का उद्देश्य प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों और संस्थान के वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और मेल मिलाप को बढ़ाना है। आदित्य, पारस, आशीष, पूर्वांश, सक्षम और उनकी टीम ने नाटी प्रस्तुत कर सबका खूब मनोरंजन किया। पंजाबी नृत्य भांगड़ा और अन्य प्रस्तुतियों ने भी खूब लुभाया।



**न्यूज ब्रीफ**

## किसी भी मंजिल को पाने के लिए कड़ी मेहनत सबसे जरूरी: एडीसी



**हमीरपुर** | होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के नए स्टूडेंट्स के लिए परिचय समारोह का आयोजित किया गया, जिसमें निहारिका शर्मा ने मिस फ्रेशर और आयुष ने मिस्टर फ्रेशर का खिताब जीता। परिचय-2025 समारोह में जिला हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रिंसिपल अभिषेक गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। गर्ग ने कहा कि उन्हें जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ा परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी मंजिल को पाने के लिए मेहनत सबसे जरूरी है। इसी के बल पर जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। गर्ग ने कहा कि यहां से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत बहुत से छात्र देश-विदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पैकेज पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए बैच के स्टूडेंट्स भी जीवन में ऊंचे मुकाम हासिल करेंगे।

# रैगिंग रोकने को बनाया है बहुत ही कड़ा कानून

## मुख्यातिथि अभिषेक गर्ग ने होटल प्रबंधन संस्थान के प्रशिक्षुओं को बताए रैगिंग के दुष्प्रभाव

दिव्य हिमाचल ब्यूरो - हमीरपुर



होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में 12 से 18 अगस्त तक मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। एंटी रैगिंग सप्ताह के पहले दिन संस्थान में 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया, जिसमें जिला हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के प्रधानाचार्य अभिषेक गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए अभिषेक गर्ग ने कहा कि रैगिंग एक ऐसी कुप्रथा है, जिसने देश भर के शिक्षण संस्थानों में कई युवा छात्रों की जान ली है और कई युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने बताया कि रैगिंग रोकने के लिए भारत में एक बहुत ही कड़ा कानून बनाया गया है। इसमें रैगिंग के दोषी विद्यार्थी या अन्य व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है और उसे तीन साल तक की सजा व जुर्माना हो सकता है। एडीसी ने इस बात पर संतोष प्रकट किया कि आईएचएम हमीरपुर में आज दिन तक रैगिंग का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का मैत्रीपूर्ण माहौल न केवल वर्तमान छात्रों की भलाई सुनिश्चित करता है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक मूल्यवान उदाहरण भी है। इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष पुंनीत बंटा ने भी प्रशिक्षुओं को रैगिंग के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया और रैगिंग को रोकने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए कड़े कानून तथा संस्थान में किए गए विभिन्न प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। सभी छात्रों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई। पुनीत बंटा ने बताया कि संस्थान में एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान मैत्रीपूर्ण वॉलीबाल मैचए पेपर टॉवर स्प्रिंट रिले मनोरजंक गतिविधिए लघु फिल्म वृत्तचित्र का प्रदर्शन, रैगिंग विरोधी शपथ, एंटी रैगिंग लघु नाटक और अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# रैगिंग को रोकने के लिए बनाया गए हैं कड़े कानून, बिना वॉरंट के हो सकते हैं गिरफ्तार

## होटल प्रबंधन संस्थान के प्रशिक्षुओं को एडीसी ने बताए रैगिंग के दुष्प्रभाव



हमीरपुर | होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में 18 अगस्त तक मनाए जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। एंटी रैगिंग सप्ताह के पहले दिन संस्थान में एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया, जिसमें जिला हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के प्रिंसिपल अभिषेक गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए अभिषेक गर्ग ने कहा कि रैगिंग एक ऐसी कुप्रथा है, जिसने देश भर के शिक्षण संस्थानों में कई युवा छात्रों की जान ली है और कई युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने बताया कि रैगिंग रोकने के लिए भारत में एक बहुत ही कड़ा कानून बनाया गया है। इसमें रैगिंग के दोषी विद्यार्थी या अन्य व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है और उसे तीन साल तक की सजा व जुर्माना हो सकता है।

एडीसी ने इस बात पर संतोष प्रकट किया कि आईएचएम हमीरपुर में आज दिन तक रैगिंग का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का मैत्रीपूर्ण माहौल न केवल वर्तमान छात्रों की भलाई सुनिश्चित करता है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक मूल्यवान उदाहरण भी है।

इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने भी प्रशिक्षुओं को रैगिंग के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया और रैगिंग को रोकने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए कड़े कानून तथा संस्थान में किए गए विभिन्न प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी छात्रों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई तथा शिक्षकों व कर्मचारी वर्ग से आग्रह किया कि रैगिंग से संबंधित अगर कोई भी घटना उनके समक्ष होती है तो उसे तुरंत उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जाए। पुनीत बंटा ने बताया कि संस्थान में एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान मैत्रीपूर्ण वॉलीबाल मैच, पेपर टॉवर स्प्रिंट रिले मनोरंजक गतिविधि, लघु फिल्म वृत्तचित्र का प्रदर्शन, रैगिंग विरोधी शपथ, एंटी रैगिंग लघु नाटक और अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

SIHM, Hamirpur | Costing | VIVEK THAKUR | 246121005



# नामी-गिरामी होटलों तक पहुंचा आईएचएम हमीरपुर

## ओबराय, ताज, विवांता, रॉयल ऑर्चिड, हयात, केएफसी, मैक्डोनाल्ड सहित दर्जनों होटलों में स्टूडेंट्स की प्लेसमेंट

नीलकांत भारद्वाज-हमीरपुर

गांवों में बसे छोटे से पहाड़ी राज्य हिमाचल में एक दौर ऐसा भी था जब होटल लाइन या होटल इंडस्ट्री को लोग दृष्टि से नहीं देखते थे जैसे कि अन्य कारोबारों को देखा जाता था। लेकिन प्रदेश में स्थापित आईएचएम (इंस्टीच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट) ने होटल इंडस्ट्री के प्रति सबका दृष्टिकोणं ही बदल दिया। आज ऐसे संस्थानों में एडमिशन पाने के लिए छात्रों में होड़ लगी है। कारण साफ है कि आईएचएम ने प्रदेश के लोगों को बताया कि होटल इंडस्ट्री आखिर में है क्या। जिन बच्चों और माता-पिता



के लिए होटल के मायने ढाबे, रेस्टोरेंट या फिर छोटे-मोटे कथित होटल थे उन्होंने ओबराय, ताज, विवांता, रॉयल ऑर्चिड, हयात, केएफसी, मैक्डोनाल्ड, द लीला पैलेस बेंगलुरू, अल हमारा रेसीडेंसी दुबई, डीएमएएस ओमान, सहित दर्जनों होटलों के गालीचों की न केवल मखमलियत देखी बल्कि वहां के लज़ीज व्यंजनों की खुशबू को अनुभूत किया। प्रदेश के मात्र तीन आईएचएम की फेहरिस्त में एक नाम आईएचएम हमीरपुर का है। 2011 में स्थापित यह संस्थान आज तक साढ़े आठ सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को देश-दुनिया के थ्री-स्टार से लेकर सेवन स्टार तक जैसे बड़े होटलों तक पहुंचा चुका है। इनमें 500 ऐसे स्टूडेंट हैं जो विदेशों में बड़े होटलों में सेवारत हैं। 2011 में मात्र 23 छात्रों से शुरू हुए इस संस्थान सें अब तक सैकड़ों बच्चे पासआउट हो चुके हैं। कोविड काल से पहले हिमाचल समेत दूसरे राज्यों के छात्र-छात्राएं भी यहां डिप्लोमा या डिग्री करने आया करते थे। -एचडीएंम

आईएचएम हमीरपुर में हर साल कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से स्टूडेंट्स को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यहां की प्लेसमेंट प्रतिशतता 100 फ़ीसदी रहती है। अब हमारा प्रयास है कि हिमाचल की बेटियों को भी होटल इंडस्ट्री के प्रति आकर्षित किया जाए ताकि वे होटल लाइन को समझें और रोंजगार पा सकें।

**पुनीत बंटा, एचओडी आईएचएम हमीरपुर**

### डेढ़ साल का डिप्लोमा तीन साल की डिग्री

आईएचएम हमीरपुर में दसवीं या बारहवीं पास कोई भी डेढ़ साल का क्रा ट कोर्स या डिप्लोमा इन फूड सर्विस कर सकता है जिसके लिए 60-60 सीटें रहती हैं। वहीं जमा दो के बाद ही बीएससी इन हॉस्पिटेलिटी एंड एडमिस्ट्रेशन में डिग्री की जा सकती है। इसमें एडमिशन के लिए एंट्रास पास करना जरूरी है। इसमें 120 सीटें रहती हैं। इनको सर्टिफिकेट जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी दिल्ली की ओर से दी जाती है।

### अबतक 56 लड़कियां हो चुकी हैं पासआउट

आईएचएम हमीरपुर से अबतक 56 लड़कियां पासआउट होकर जा चुकी हैं और आज देश -दुनिया के होटलों में अच्छे पदों पर काम कर रही हैं। इनमें बाहरी राज्यों का आंकड़ा अधिक है। देखा जा रहा है कि हिमाचल में अभी भी लड़कियों का क्रेज इस लाइन में कम है। जानकारी के मुताबिक मौजूदा समय में यहां तीन लड़कियां ही पढ़ाई कर रही हैं जोकि हिमाचल से हैं।

# होटल इंडस्ट्री से रू-ब-रू हो रहे स्कूली छात्र

## आईएचएम हमीरपुर ओजेटी के तहत दे रहा ट्रेनिंग, अब तक 25 स्कूलों के 850 छात्र-छात्राएं ले चुके प्रशिक्षण

नीलकांत भारद्वाज - हमीरपुर

हिमाचल जैसे छोटे से राज्य में जब होटल इंडस्ट्री का नाम सामने आता है, तो अभिभावकों से लेकर बच्चों तक वो उत्साह नजर नहीं आता जो दूसरी फील्ड के लिए रहता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सबको लगता है कि होटल में लोग खाना खाते हैं या फिर एक या दो दिन स्टे करते हैं। इसी कारण बहुत कम लोग इस लाइन में बच्चों को भेजना चाहते हैं। लोगों की इसी धारणा को बदलने के लिए प्रदेश के दूसरे बड़े संस्थान आईएचएम (इंस्टीच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट) हमीरपुर ने स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। सरकारी स्कूलों के आठवीं, नौंवी व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को वोकेशन ट्रेनिंग के तहत ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) कार्यक्रम में तीन दिन का कोर्स आईएचएम के प्रोफेशनल टीचर्स द्वारा दिया जा रहा है। अकेडमिक सेशन 2024-25 में अब तक जिलाभर के 25 स्कूलों के साढ़े आठ सौ स्टूडेंट्स आईएचएम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। (एचडीएम)



हमीरपुरः आईएचएम हमीरपुर के एचओडी पुनीत बंटा स्कूली बच्चों के साथ रू-ब-रू होते हुए

### दसवीं और 12वीं के बाद सुनहरा अवसर

दरअसल होटल इंडस्ट्री में दसवीं और 12वीं के बाद भी नौकरी के सुनहरे अवसर रहते हैं। जो बच्चे आगे नहीं पढ़ पाते वे इन कक्षाओं के बाद भी डेढ साल का डिप्लोमा या तीन साल की डिग्री करके होटल लाइन में बेहतर यूचर बना रहे हैं। दसवीं के बाद क्रा ट कोर्स का और 12वीं के बाद भी डेढ साल का डिप्लोमा इन फूड सर्विस करके देश के नामी होटलों में नौकरी के अवसर रहते हैं। इसी तरह किसी भी स्ट्रीम में जमा दो के बाद होस्पिटेलिटी एंड होटल एडमिस्ट्रेशन की डिग्री करके नौकरी के सुनहरे अवसर रहते हैं।

"जिला हमीरपुर और इसके सीमावर्ती जिलों बिलासपुर और कांगड़ा के साथ लगते सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स को ओजेटी के तहत कोर्स करवाया गया है। धीरे-धीरे काफी संख्या में स्कूल हमें अप्रोच भी कर रहे हैं। तीन दिवसीय कोर्स में बच्चों को होटल इंडस्ट्री से अवगत करवाया जा रहा है। दूसरा पहलू यह है कि ऐसे संस्थानों में आकर बच्चों को आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

**पुनीत बंटा, एचओडी आईएचएम हमीरपुर**

AnyScanner

हुनर | विद्यार्थियों ने बल्क कुकिंग के प्रैक्टिकल टेस्ट के दौरान परोसे हिमाचली व्यंजन, बर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई

# आईएचएम में हिमाचली धाम की महक, डीसी ने की सराहना

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बल्क कुकिंग यानी एक साथ बड़े पैमाने पर व्यंजन तैयार करने के प्रशिक्षण के तहत बुधवार को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक 'धाम' के व्यंजन तैयार किए।

वहीं, यह व्यंजन जिला हमीरपुर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों को लंच के तौर पर परोसे। संस्थान के परिसर में आयोजित बल्क कुकिंग के इस प्रेक्टिकल टेस्ट में विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में शादी समारोहों, धार्मिक अनुष्ठानों, उत्सवों और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान तैयार की जाने वाली 'धाम' के अलग-अलग व्यंजन तैयार किए।



आईएचएम हमीरपुर में पारंपरिक बर्तनों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीसी अमरजीत सिंह और अन्य। स्रोत : जनसंपर्क विभाग

विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सभी गणमान्य लोगों को टौर के पतलों में ये व्यंजन परोसे। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित उपायुक्त अमरजीत सिंह, एडीएम एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान और अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सेप्पो बड़ी, मदरा, तेलिया माश, चने दाल, चने का खट्टा, मीठे चावल और कई अन्य जायकेदार व्यंजनों की खूब सराहना की। विद्यार्थियों ने इन व्यंजनों में प्रयुक्त होने वाले पारंपरिक बर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई।

आईएचएम प्रबंधन और सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों को तैयार कर इन्हें पारंपरिक ढंग से ही परोसकर संस्थान ने एक नई पहल की है। इससे हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा मिलेगा तथा इनकी महक देश-विदेश तक पहुंचेगी।

उपायुक्त ने कहा कि जिला हमीरपुर में मेलों-उत्सवों या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर आईएचएम के विद्यार्थियों को अपनी पाक-कला के प्रदर्शन के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने उपायुक्त और अन्य सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्थान की उपलब्धियों एवं विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस बार भी संस्थान के आउटगोइंग बैच के सभी विद्यार्थियों की अच्छी प्लेसमेंट हुई है।

# आईएचएम में हिमाचली 'धाम' का जायका

## प्रशासनिक अमले ने लिए खट्टे-मदरे के चटकारे, छात्रों ने परोसे हिमाचली व्यंजन

नीलकांत भारद्वाज-हमीरपुर

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर बुधवार को हिमाचली पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू से महक उठा। पूरा प्रशासनिक अमला इस हिमाचली धाम का लुत्फ उठाने के लिए संस्थान में पहुंचा था। दरअसल संस्थान के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 'बल्क कूकिंग' यानि एक साथ बड़े पैमाने पर व्यंजन तैयार करने के प्रशिक्षण के तहत बुधवार को 'हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक 'धाम' के व्यंजन तैयार किए। इन्हें जिला हमीरपुर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों को लंच के तौर पर परोसा गया। संस्थान के परिसर में आयोजित बल्क कूकिंग के इस प्रेक्टिकल टेस्ट में विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में शादी समारोहों, धार्मिक अनुष्ठानों, उत्सवों और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान तैयार की जाने वाली 'धाम' के अलग-अलग व्यंजन तैयार किए। विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सभी गणमान्य लोगों को टौर के पतलों में व्यंजन परोसे। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित उपायुक्त अमरजीत सिंह, एडीएम एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान और अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सेप्पो बड़ी, राजमाह का मदरा, तेलिया माश, चने दाल, चने का खट्टा, मीठे चावल और कई

### मेलों में छात्रों को पाक-कला प्रदर्शित करने का देंगे मौका

आईएचएम प्रबंधन और सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों को तैयार करके इन्हें पारंपरिक ढंग से ही परोस कर संस्थान ने एक नई पहल की है। इससे हिमाचल की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा मिलेगा तथा इनकी महक देश-विदेश तक पहुंचेगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला हमीरपुर में मेलों-उत्सवों या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर आईएचएम के विद्यार्थियों को अपनी पाक-कला के प्रदर्शन के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

अन्य जायकेदार व्यंजनों की सभी अतिथियों ने खूब सराहना की। विद्यार्थियों में इन व्यंजनों में प्रयुक्त होने वाले पारंपरिक बर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई।कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन, उपसचिव राजीव ठाकुर, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, विजिलेंस की एएसपी रेणु शर्मा, डीएसपी नितिन चौहान, डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, नादौन के बीडीओ निशांत शर्मा, ब्वायज स्कूल के प्रधानाचार्य मुश्ताक मुहम्मद मौजूद रहे। **एचडीएम**

# बल्क कुकिंग के प्रैक्टिकल टेस्ट के दौरान द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बनाए हिमाचली व्यंजन

## हमीरपुर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य लोगों को लंच के तौर पर परोसा खाना

**हमीरपुर** | होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट्स ने बल्क कुकिंग यानि एक साथ बड़े पैमाने पर व्यंजन तैयार करने के प्रशिक्षण के तहत बुधवार को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक धाम के व्यंजन तैयार किए तथा इन्हें जिला हमीरपुर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों को लंच के तौर पर परोसा।

इस मौके पर डीसी अमरजीत सिंह, एडीएम एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रिंसिपल राहुल चौहान और अन्य ने स्टूडेंटसद्वारा बनाई गई सेप्पी बड़ी, राजमाह का मदरा, तेलिया माह, चने दाल, चने का खट्टा, मीठे चावल और कई अन्य जायकेदार व्यंजनों की खूब सराहना की। स्टूडेंट्स ने इन व्यंजनों में प्रयुक्त होने वाले पारंपरिक बर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई।

आईएचएम प्रबंधन और सभी स्टूडेंट्स की सराहना करते हुए डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजनों को तैयार करके इन्हें पारंपरिक ढंग से ही परोस कर संस्थान ने एक नई पहल की है। इससे हिमाचल की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण एवं संवर्द्धन को बढ़ावा मिलेगा तथा इनकी महक देश-विदेश तक पहुंचेगी।

डीसी ने कहा कि जिला हमीरपुर में मेलों-उत्सवों या अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर आईएचएम के स्टूडेंट्स को अपनी पाक-कला के प्रदर्शन के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

AnyScanner

date – 02-04-2025

# सौरव ने जीता बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड

## स्नात्कोत्सव दिवस पर एग्जीक्यूटिव शैफ राजिंद्र कुमार रहे मुख्यातिथि

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का स्नात्कोत्सव बुधवार को आयोजित किया गया। इसमें स्टर्लिंग रिजॉर्ट्स मनाली के जनरल मैनेजर रवि कुमार मुख्यातिथि के रूप में और इसी कंपनी के एग्जीक्यूटिव शैफ राजिंद्र कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि आज के दौर में नियमित शिक्षा के साथ-साथ दक्षता हासिल करना भी समय की आवश्यकता है। दूरदृष्टि व सकारात्मक प्रवृति ही आपको दूसरों से अलग करती है। छात्र-छात्राओं को चाहिए कि वे शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उद्यमिता विकसित करें और व्यवसाय की दिशा बदलकर नए आयाम स्थापित करने में जुट जाएं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। सौरव राणा को बीएससी एच एंड एचए 2022.25 बैच का सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार दिया गया। अक्षय ठाकुर को मिक्सोलोजी क्लब, द्विज घूमंता को गुरमय क्लब, सौरव राणा को आतिथ्यम और यश त्यागी को सजाकार क्लब के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार मिला। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए धुव्राक्ष जंदरोटिया को प्रथम, साक्षी को द्वितीय व अमित काशिव को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। द्वितीय वर्ष की कनिका बनियाल को प्रथमए मनीष रावत को द्वितीय व अंश पुरी को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रथम वर्ष के प्रियांशु व सागर वीका को प्रथम, कशिश को द्वितीय व माहुल राणा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन में राहुल चौहान को प्रथम, पार्थ शर्मा को द्वितीय व शगुन को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। डिप्लोमा फूड एंड बीवरेज में विनय ठाकुर को प्रथम, शगुन को द्वितीय व अनिल कुमार को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

# सौरव राणा ने जीता 2022-25 बैच के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार

## होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में स्नात्कोत्सव दिवस मनाया, डिप्लोमा फूड एंड बीवरेज में विनय ठाकुर को प्रथम स्थान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

हमीरपुर । होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का स्नात्कोत्सव बुधवार को आयोजित किया गया, जिसमें स्टर्लिंग रिजॉर्ट्स मनाली के जनरल मैनेजर रवि कुमार मुख्यातिथि के रूप में और इसी कंपनी के एग्जीक्यूटिव शैफ राजिंद्र कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।



होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में आयोजित स्नात्कोत्सव में मौजूद छात्र-छात्राएं और अन्य। स्रोत : संस्थान

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि आज के दौर में नियमित शिक्षा के साथ-साथ दक्षता हासिल करना भी समय की आवश्यकता है। दूरदृष्टि व संकारात्मक प्रवृत्ति ही आपको दूसरों से अलग करती है। छात्र-छात्राओं को चाहिए कि वे शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उद्यमिता विकसित करें और व्यवसाय की दिशा बदलकर नए आयाम स्थापित करने में जुट जाएं।

उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी प्रशिक्षुओं को पुरस्कार वितरित किए। सौरव राणा को बीएससी एच एंड एचए 2022-25 बैच का सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार दिया गया।

अक्षय ठाकुर को मिक्सोलोजी क्लब, द्विज घूमंता को गुरमय क्लब, सौरव राणा को आतिथ्यम और यश त्यागी को सजाकार क्लब के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार मिला। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए धुव्राक्ष जंदरोटिया को प्रथम, साक्षी को द्वितीय व अमित काशिव को तृतीय स्थान पर लिए पुरस्कृत किया गया।

द्वितीय वर्ष की कनिका बनियाल को प्रथम, मनीष रावत को द्वितीय व अंश पुरी को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रथम वर्ष के प्रियांशु शर्मा व सागर वीका को प्रथम, कशिश भर□ाज को द्वितीय व माहुल राणा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन में राहुल चौहान को प्रथम, पार्थ शर्मा को द्वितीय व शगुन को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

डिप्लोमा फूड एंड बीवरेज में विनय ठाकुर को प्रथम, शगुन को द्वितीय व अनिल कुमार को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में संस्थान के विभागाध्यक्ष श्रीपुनीत बंटा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह विद्यार्थियों ने हिमाचली लोकनृत्य, भंगड़ा और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खूब वाहवाही लूटी।

AnyScanner

# प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र किए गए जारी

## आईएचएम में सजा छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन समारोह

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – हमीरपुर**

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम एवं होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर द्वारा आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रम का सफल समापन समारोह होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर में किया गया। यह पाठ्यक्रम पर्यटन मंत्रालय की तरफ से निशुल्क करवाया गया। पर्यटन मंत्रालय की ओर से प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत होटल प्रबंधन संस्थान ने स्वयं सहायता समूह से संबंधित 37 महिलाओं प्रवीण कुमारी, संतोषी कुमारी, मधु देवी, सोनू देवी, मीना कुमारी, वीना कुमारी, अंजू कुमारी व संगीता इत्यादि को एटीसी के छह दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षुओं ने मोटा अनाज, सिड्डू, चाईनीज फूड व विभिन्न प्रकार के स्नैकस, मूंगदाल हलवा इत्यादि व्यंजन बनाना सीखे। लाभार्थी उत्तीर्ण हुए व सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र जारी किए गए। विभिन्न पाठ्यक्रमों के विवरण एवं प्रवेश हेतू संस्थान की वेबसाइट www.ihmhamirpur.in से जानकारी प्राप्त की जा सकती है व पदाधिकारियों पीयूष ठाकुर प्रशासनिक सह लेखा अधिकारी 9418622786 व रोमी शर्मा सहायक व्याख्याता 9817493382 से उनके नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।



**हमीरपुर : होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर द्वारा आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रम के सफल समापन समारोह में सामूहिक रूप से उपस्थित**

# महिलाओं ने सीखा व्यंजन बनाना



**प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं और अन्य।** स्रोत : संस्थान

हमीरपुर। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार एवं होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर की ओर से आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। होटल प्रबंधन संस्थान ने स्वयं सहायता समूह से संबंधित 37 महिलाओं को मोटा अनाज, सिड्डू, चाईनीज फूड व विभिन्न प्रकार के स्नैक्स, मूंगदाल हलवा इत्यादि व्यंजन बनाना सीखाए। प्रशिक्षुओं को अतिथियों के स्वागत, व्यक्तिगत सौंदर्य और स्वच्छता सामग्री का उचित उपायोग भोजन की गुणवत्ता, संचार कौशल और शारीरिक भाषा मुस्कान का महत्व, सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के लाभार्थियों की प्रशिक्षण के अंतिम दिन परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में सभी लाभार्थी उतीर्ण हुए और सभी को प्रमाणपत्र भी जारी किए गए। संवाद

# भोजन की गुणवत्ता पर दिया प्रशिक्षण

**हमीरपुर |** पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम एवं होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर द्वारा आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर में किया गया। यह पाठ्यक्रम पर्यटन मंत्रालय की तरफ से नि:शुल्क करवाया गया। कार्यक्रम के तहत होटल प्रबंधन संस्थान ने स्वयं सहायता समूह से संबंधित 37 महिलाओं प्रवीण कुमारी, संतोषी कुमारी, मधु देवी, सोनू देवी, मीना कुमारी, वीना कुमारी, अंजू कुमारी व संगीता इत्यादि को एटीसी के छह दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत मोटा अनाज, सिड्डू, चाईनीज फूड व विभिन्न प्रकार के स्नैकस, मूंगदाल हलवा इत्यादि व्यंजन बनाना सीखे।

AnyScanner

# आईएचएम में पहुंच रही नामी कंपनियां

## होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में डिग्री पूरी होने से पहले ही छात्रों को नौकरी के ऑफर

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-हमीरपुर

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कई बड़ी कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। इस सत्र में अभी तक दिल्ली ड्यूटीफ्री, स्टर्लिंग हॉली-डे रिजॉटर्स लिमिटेड और मैकडॉनल्ड्स नार्थ एंड ईस्ट इंडिया जैसी बड़ी कंपनियां कैंपस में प्लेसमेंट के लिए आ चुकी हैं। बताते हैं कि इन कंपनियों ने मैनेजमैंट ट्रेनिंग, सुपरवाइजरी लेवल, एंट्री लेवल, फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस और प्रोडक्शन एंड बेक्वेट सेल्स के लिए छात्रों के इंटरव्यू लिए। संस्थान के तृतीय वर्ष के 60 छात्रों में से 54 ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया, जिनमें से अभी तक 20 छात्रों को इन कंपनियों की ओर से प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं। इन्हें साढ़े तीन लाख से साढ़े चार लाख रुपए तक वार्षिक वेतन पैकेज के प्रस्ताव दिए गए हैं। संस्थान प्रबंधन के अनुसार दिल्ली ड्यूटी फ्री कंपनी में 7 विद्यार्थियों अंश पुरी, कनिका बैनियाल, मनीष रावत, पंकज कुमार, राहुल शर्मा, सौर्यान शर्मा और सौरव राणा का चयन किया गया। स्टर्लिंग हॉलीडे रिजॉर्ट्स लिमिटेड में 6 छात्रों अर्णव राही, सौरव राणा, मनीष रावत, राहुल शर्मा, यश त्यागी और द्विज धूमंता का चयन किया गया। मैकडॉनल्ड्स नार्थ एंड ईस्ट इंडिया के सीनियर ऑपरेशनल मैनेजर बलजीत डोगरा और परिचालन सलाहकार रोहित डोगरा ने 43 छात्रों का इंटरव्यू लिया। अगले दो महीनों में संस्थान में और भी प्रसिद्ध कंपनियां कैंपस इंटरव्यू करने के लिए आने वाली हैं।

### देश-विदेश की कंपनियों में सेवारत संस्थान के छात्र

पिछले 10 वर्षों के दौरान आईएचएम हमीरपुर ने अपने छात्रों को देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मुहैया करवाया है। यह संस्थान के छात्रों के साथ-साथ संस्थान के शिक्षकों व अन्य स्टाफ की ही मेहनत का नतीजा है जो यहां के छात्र देश-विदेश में हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहे हैं।

### 100 फीसदी रहेगा प्लेसमेंट का आंकड़ा

आईएचएम के विभागाध्यक्ष एवं प्लेसमेंट प्रभारी पुनीत बंटा ने बताया कि आईएचएम हमीरपुर से अब तक सैकड़ों छात्र पढ़कर जा चुके हैं और देश-विदेश की नामी कंपनियों में अपना भविष्य संवार रहे हैं। संस्थान में छात्रों को समय की मांग के अनुसार तैयार किया जाता है तथा उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी संस्थान के छात्रों की प्लेसमेंट का आंकड़ा पिछले वर्षों की तरह ही 100 प्रतिशत होगा।

# आईएचएम में डिग्री पूरी होने से पहले छात्रों को नौकरी का ऑफर

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कई बड़ी कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। इस सत्र में कई निजी कंपनियां कैंपस में प्लेसमेंट के लिए आ चुकी हैं।

आईएचएम के विभागाध्यक्ष एवं प्लेसमेंट प्रभारी पुनीत बंटा ने कहा कि इन कंपनियों ने मैनेजमैंट ट्रेनिंग, सुपरवाइजरी लेवल, एंट्री लेवल, फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस और प्रोडक्शन एंड बेक्वेट सेल्स के लिए छात्रों के इंटरव्यू लिए। संस्थान के तृतीय वर्ष के 60 विद्यार्थियों में से 54 ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया।

**तृतीय वर्ष के 60 विद्यार्थियों में से 54 ने कैंपस प्लेसमेंट में लिया भाग**

इनमें से अभी तक 20 विद्यार्थियों को इन कंपनियों की ओर से प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं। इन्हें साढ़े तीन लाख से साढ़े चार लाख रुपये तक वार्षिक वेतन पैकेज के प्रस्ताव दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की निजी कंपनी में सात विद्यार्थियों अंश पुरी, कनिका बनियाल, मनीष रावत, पंकज कुमार, राहुल शर्मा, सौर्यान शर्मा और सौरव राणा का चयन किया गया। दूसरी निजी कंपनी में छह विद्यार्थियों अर्णव राही, सौरव राणा, मनीष रावत, राहुल शर्मा, यश त्यागी और द्विज घूमंता का चयन किया गया। निजी कंपनी के सीनियर ऑपरेशनल मैनेजर और परिचालन सलाहकार ने 43 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। संवाद

AnyScanner

# होटल लाइन में भविष्य बनाएंगे वोकेशनल के छात्र

## टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी के लिए दी जा रही ऑन जॉब ट्रेनिंग, होटल मैनेजमेंट में दिया जा रहा प्रशिक्षण

**सुरेंद्र ठाकुर - हमीरपुर**

टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट में भविष्य बनाने की सोच रखने वालों के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। स्कूलों में वोकेशनल विषय टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी के छात्रों को नेशनल स्तर के संस्थान इंस्टीच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को बताया जा रहा है कि वे अपना भविष्य होटल लाइन में कैसे बना सकते हैं। सर्विस, सैफ, हाउस कीपिंग, फ्रंट ऑफिसर वर्ग में काम कर बेहतर भविष्य बनाया जा सकता है। टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र में जाने को लेकर फैल रही भ्रांतियों को समाप्त करने के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) करवाई जा रही है। तीन दिवसीय ट्रेनिंग के दौरान छात्रों का मनोबल बढ़ाया जा रहा है ताकि टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी के क्षेत्र में जाकर अच्छा रोजगार कमा सकें। छात्रों को तीन दिवसीय ट्रेनिंग के दौरान क यूनिकेशन स्किल व ग्रूमिंग के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकारी स्कूल के वोकेशनल विषय के छात्रों के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रावधान किया गया है। इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर में सरकारी स्कूल के इन छात्रों को तीन दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान इन्हें बताया जा रहा है कि इंडस्ट्री में एंट्री कैसे करें तथा इसके क्या बेनिफिटस हैं। इस ट्रेनिंग के लिए इंस्टीच्यूट आफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर की तरफ से किसी तरह का कोई चार्ज वसूल नहीं किया जा रहा है। एक साल में करीब 600 बच्चों ने इंस्टीच्यूट आफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर में ऑन जॉब ट्रेनिंग की है। इंस्टिच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राष्ट्र स्तर का एक संस्थान है जहां पर टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के कोर्स करवाए जा रहे हैं। इस राष्ट्र स्तरीय संस्थान का फायदा अब स्कूली छात्रों को भी मिल रहा है। देखा गया है कि सरकारी स्कूलों में वाकेशनल विषय के टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी के संपूर्ण प्रैक्टिकल उपकरण उपलब्ध नहीं होते। **एचडीएम**

### छात्रों को दी जा रही है ऑन जॉब ट्रेनिंग

एचओडी इंस्टिच्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हमीरपुर पुनीत बंटा ने बताया कि सरकारी स्कूल के वोकेशनल विषय टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी के छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग दी जा रही है। तीन दिवसीय इस ट्रेनिंग के दौरान उन्हें होटल लाइन के जॉब के स्कोप के बारे में बताया जा रहा है। किस तरह से इन लाइन में कामयाबी प्राप्त की जा सकती है, इसके बारे में भी बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्ष में से एक वर्ष कोरोना का निकाल कर आईएचएम हमीरपुर में 100 प्रतिशत तक प्लेसमेंट हुई है। उन्होंने बताया कि यहां के छात्र हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि बाहरी देशों में जॉब कर अच्छी आमदन अर्जित कर रहे हैं। संस्थान के कैंपस में ही प्लेसमेंट करवाई जाती है।

# सामूहिक प्रयासों से ही खत्म होगा नशा : एसपी

## आईएचएम के प्रशिक्षुओं को एसपी ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

सिटी रिपोर्टर | हमीरपुर



होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) में मंगलवार को 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तनाव प्रबंधन' पर एक कार्यशाला आयोजित की गई,जिसमें एसपी भगत सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना, नशे की समस्या के उन्मूलन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और युवावस्था में तनाव प्रबंधन के प्रभावी तरीकों की जानकारी देना था।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा पीढ़ी बड़ी तेजी से नशे के जाल में फंसती जा रही है। उन्होंने [illegible] नशे के उन्मूलन के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा। एसपी ने बताया कि नशे के खात्मे के लिए जिला पुलिस ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। इसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अजय अत्री ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भांग, अफीम, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से हमारे शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है। डॉ. अजय अत्री ने बताया कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से सिर्फ शारीरिक और मानसिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी कई दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि नशे के आदी लोगों के उपचार के लिए पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई है। अगर कोई व्यक्ति किन्हीं कारणों से नशे की चपेट में आ जाता है तो तुरंत उसके उपचार एवं पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने भी प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रशिक्षुओं को तनाव से मुक्त रहने के लिए योग, ध्यान और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व से भी अवगत करवाया गया।

## आईएचएम के प्रशिक्षुओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) में मंगलवार को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तनाव प्रबंधन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाना, नशे की समस्या के उन्मूलन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और युवावस्था में तनाव प्रबंधन के प्रभावी तरीकों की जानकारी देना था। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा पीढ़ी बड़ी तेजी से नशे के जाल में फंसती जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के उन्मूलन के उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में संस्थान के लगभग 250 विद्यार्थियों और स्टाफके लगभग 60 सदस्यों ने भी भाग लिया।

AnyScanner

# रैगिंग की, तो बिना वारंट गिरफ्तारी

## अधिकारी और समिति के सदस्य रैगिंग रोकने के लिए रहें अलर्ट, एडीएम ने दिए निर्देश

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- हमीरपुर**



होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर की एंटी रैगिंग समिति की बैठक वीरवार को संस्थान के परिसर में आयोजित की गई। हमीरपुर के एडीएम एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीएम ने समिति के सभी सदस्यों और संस्थान के अधिकारियों को हर समय अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए रैगिंग विरोधी अधिनियम में बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसलिए, रैगिंग के संबंध में किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलते ही तुरंत सूचित करें और त्वरित कदम उठाएं। एडीएम ने कहा कि रैगिंग एक कुप्रथा है और इससे कई होनहार विद्यार्थियों की जान भी जा चुकी है। इसे रोकने के लिए बनाए गए कानून में बहुत ही स त प्रावधान हैं। उन्होंने बताया कि रैगिंग के आरोपी विद्यार्थी को बिना वारंट के गिर तार किया जा सकता है और उसे तीन साल की सजा एवं जुर्माना हो सकता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने संस्थान में रैगिंग रोकने के लिए किए गए विभिन्न प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। समिति के सभी सदस्यों ने इन प्रबंधों पर व्यापक चर्चा की। पुनीत बंटा ने बताया कि 12 अगस्त को संस्थान में एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई, रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई तथा रैगिंग विरोधी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों से अवगत करवाया गया। बैठक में डीएसपी नितिन चौहान, तहसीलदार सुभाष कुमार, समिति के अन्य सदस्य मीडिया पर्सन नीलकांत भारद्वाज, विद्यार्थियों के अभिभावकों के प्रतिनिधि अरुण परवाना, समिति के अन्य सदस्यों, विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों तथा संस्थान के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

### 18 अगस्त तक मनाया गया एंटी रैगिंग सप्ताह

आईएचएम में 12 से 18 अगस्त तक मनाए गए एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान नारा लेखन, निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं। विद्यार्थियों को लघु वृत्त चित्र और लघु नाटक दिखाया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कनिका बनियाल, अक्षय ठाकुर और प्रांजल छाजटा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए।

# रैगिंग रोकने के लिए अलर्ट रहें सभी अधिकारी और समिति सदस्य : एडीएम

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर की एंटी रैगिंग समिति की बैठक वीरवार को संस्थान के परिसर में हुई।

हमीरपुर के एडीएम एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। एडीएम ने समिति के सभी सदस्यों और संस्थान के अधिकारियों को रैगिंग को लेकर हर समय अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए अधिनियम में बहुत ही कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसलिए रैगिंग के संबंध में किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलते ही तुरंत सूचित करें और त्वरित कदम उठाएं।

रैगिंग एक कुप्रथा है और इससे कई होनहार विद्यार्थियों की जान भी जा चुकी है। रैगिंग के आरोपी विद्यार्थी को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है और उसे तीन साल की सजा एवं जुर्माना हो सकता है। विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने संस्थान में रैगिंग रोकने के लिए किए गए विभिन्न प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। समिति के सभी सदस्यों ने इन प्रबंधों पर चर्चा की। संवाद

AnyScanner



होटल प्रबंधन संस्थान में विदाई समारोह में मुख्यातिथि के साथ विद्यार्थी। स्रोत: संस्थान

# आईएचएम में नाटी और भंगड़े की रही धूम

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में वीरवार को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी मंजिल को पाने के लिए मेहनत सबसे जरूरी होती है। विद्यार्थियों को जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए कड़ा परिश्रम करना चाहिए।

## आयुष शर्मा मिस्टर फेयरवेल और हेमा भट्ट बनीं मिस फेयरवेल

उन्होंने कई बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए डिप्लोमा इन फूड एंड बिवरेज और क्राफ्ट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन के विद्यार्थियों को बधाई भी दी। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिमाचली नाटी मुख्य आकर्षण रहीं। इसमें आयुष, सुमित, अनिरुद्ध, पारस, आदित्य, प्रांजल, अश्वनी, द्विज, अभिनव और अन्य विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हिमाचली नाटी के बाद पंजाबी भंगड़ा की भी काफी धूम रही। आयुष शर्मा को मिस्टर फेयरवेल और हेमा भट्ट को मिस फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन लेखा अधिकारी पीयूष ठाकुर, वरिष्ठ लेक्चरर रोमी शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

हमीरपुर। कैरियर गाईडेंस तथा काउंसलिंग प्रशिक्षण के पांचवें बैच के ट्रेनिंग का शुभारंभ तथा समापन डाइट प्रिंसीपल मदनलाल बनियाल ने किया। इसमें नादौन खंड के 42 तथा 9 अन्य कुल 51 अध्यापकों ने भाग लिया। सोमवार के रिर्सोस पर्सन तथा डाइट के प्रवक्ता नेक मोहम्मद तथा अनिल कुमार ने ट्रेनिंग को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। मदन बनियाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम को सफलता पूर्वक धरातल पर उतारें। अंत में मदन बनियाल ने प्रतिभागियों को बैग्स तथा प्रमाण-पत्र वितरित किए। डाइट हमीरपुर के मीडिया समन्वयक भवानी सिंह ने इस पूरे प्रोग्राम का समापन करवाया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के मुखिया पुनीत बंटा तथा अन्य संपूर्ण कर्मचारियों का भरपूर योगदान रहा।

AnyScanner

# आईएचएम के सालाना समारोह में धमाल, पुनीत बने सर्वश्रेष्ठ छात्र

## डीसी ने आईएचएम के मेधावी विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार, सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का 12वां वार्षिक उत्सव उड़ान बुधवार को संस्थान परिसर में धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने खूब समां बांधा। इसमें उपायुक्त अमरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए उपायुक्त ने कहा कि आईएचएम हमीरपुर ने स्थापना के बाद कुछ वर्षों में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है।उन्होंने संस्थान के सभी विद्यार्थियों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

समारोह के विशिष्ट अतिथि एवं हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के डीन आचार्य जयदेव ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों का लक्ष्य केवल नौकरी हासिल करना ही नहीं होना चाहिए। पुनीत ठाकुर को बीएससी एचएंडएचए 2021-24 बैच का सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार दिया गया।



आईएचएम हमीरपुर में वार्षिक उत्सव के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। -संवाद

पुनीत ठाकुर को ही मिक्सोलॉजी क्लब, आयुष शर्मा को गुरमय क्लब, अमित काशिव को आतिथ्य क्लब के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार प्रदान किया गया। शैक्षणिक क्षेत्र में सत्र 2022-23 के लिए प्रीति को प्रथम, रोहित शर्मा को द्वितीय व सिमरन शाह को तृतीय पुरस्कार मिला।

द्वितीय वर्ष में अमित काशिव प्रथम, मोना सिंह द्वितीय और आयुष शर्मा तृतीय रहे। प्रथम वर्ष के सहुल शर्मा को प्रथम, कनिका बनियाल को द्वितीय और मनीष रावत को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन में अनिल कुमार को प्रथम, अखिल कुमार को द्वितीय व किशन चंद को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। डिप्लोमा फूड एंड बिवरेज में तरसेम को प्रथम, परमिंदर ठाकुर को द्वितीय व विशाल ठाकुर को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

इससे पहले, संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, अन्य अतिथियों, प्रायोजकों और विद्यार्थियों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि आईएचएम हमीरपुर का प्लेसमेंट का आंकड़ा हर वर्ष की तरह इस बार भी 100 प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि गत 14 वर्षों के दौरान इस संस्थान में तीन वर्षीय डिग्री के लगभग 908 विद्यार्थी, क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन के लगभग 337 और डिप्लोमा फूड एंड बिवरेज के लगभग 247 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं।

ये अधिकांश विद्यार्थी देश-विदेश में होटल प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय सेवाएं प्रदान कर संस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं।समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। जबकि, प्रवक्ता रोमी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

AnyScanner

# आईएचएम हमीरपुर के छात्रों को मिला रोजगार



हमीरपुर । होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कंपनियों ने संस्थान में दस्तक देनी शुरू कर दी है। भारतीय मिठाइयों और स्नैक्स की जानी-मानी कंपनी बीकानेरवाला के मैनेजर आशीष बिड्डल की अगुवाई में बुधवार को आईएचएम हमीरपुर पहुंची एक टीम ने अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए साक्षात्कार लिए। बीकानेरवाला कंपनी ने छात्रों को 25 हजार से 28 हजार रुपए प्रति माह के वेतन पैकेज का प्रस्ताव दियां। इस साक्षात्कार में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 25 छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए चयनित किया गया। सात छात्रों को मैनेजमेंट ट्रेनी के लिए चयनित किया गया। साक्षात्कार के दौरान आईएचएम के कॅरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर गुंजन उमाकांत उपस्थित रहे।

# आईएचएम हमीरपुर के छात्रों को नामी कंपनियों में मिला रोजगार

**हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया कराने के लिए कंपनियों ने संस्थान में दस्तक देनी शुरू कर दी है।

नामी कंपनी बीकानेरवाला के मैनेजर आशीष की अगुवाई में बुधवार को आईएचएम हमीरपुर पहुंची एक टीम ने अंतिम वर्ष के छात्रों को रोजगार मुहैया करवाने के लिए साक्षात्कार लिए। कंपनी ने छात्रों को 25 हजार से 28 हजार रुपये प्रति माह के वेतन पैकेज का प्रस्ताव दिया। इस साक्षात्कार में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। इनमें से 25 छात्रों को ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए चयनित किया गया। 7 छात्रों को मैनेजमेंट ट्रेनी के लिए चयनित किया गया। साक्षात्कार के दौरान आईएचएम के कॅरिअर काउंसलिंग और प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर गुंजन उमाकांत उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि अगले 2 माह में संस्थान में और भी नामी कंपनियां कैंपस इंटरव्यू करने के लिए आने वाली हैं। कोऑर्डिनेटर ने बताया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान आईएचएम हमीरपुर ने अपने छात्रों को देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मुहैया करवाया है। संवाद

AnyScanner

**प्रशिक्षण** होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में छह दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स में दाड़ला की 20 महिलाओं ने लिया हिस्सा

# महिलाओं ने सीखा बाजरा मोमो बनाना

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-हमीरपुर



बाजरा, रागी और अन्य मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों के बारे में महिलाओं को अवगत करवाने एवं प्रशिक्षित करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में छह दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया, जिसमें विकास खंड सुजानपुर की ग्राम पंचायत दाड़ला की 20 महिलाओं ने भाग लिया। इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों ने रागी रोटी, बाजरा मोमो, बाजरा खिचड़ी, रागी आटे की कचौरी, अंकुरित दालों एवं मोटे अनाज के स्प्रिंग रोल इत्यादि व्यंजन बनाना सीखे। प्रशिक्षण कोर्स के समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए एडीसी मनेश कुमार यादव ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से अपना कारोबार आरंभ करके अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। जिला सिरमौर में महिला द्वारा संचालित किए जा रहे शी-हाट स्वयं सहायता समूह ने एक मिसाल कायम की है। एडीसी ने बताया कि यह महिला स्वयं सहायता समूह दो-अढ़ाई साल से कार्य कर रहा है और इसकी सालाना आय लगभग 70 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है। समूह की महिलाएं प्रतिदिन चार-चार घंटे की तीन शिफ्टों में कार्य करती हैं और प्रत्येक महिला साल में लगभग दो लाख रुपए तक कमा लेती है। एडीसी ने उम्मीद जताई कि आईएचएम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद दाड़ला पंचायत की महिलाएं मोटे अनाज के व्यंजनों को जन-जन तक पहुंचाएंगी और अपने स्वयं सहायता समूह को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाएंगी। एडीसी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने एडीसी का स्वागत किया।

## आईएचएम में महिलाओं ने सीखा मोटे अनाज के स्वादिष्ट व्यंजन बनाना

**हमीरपुर|** जरा, रांगी और अन्य मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों के बारे में महिलाओं को अवगत करवाने एवं प्रशिक्षित करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया, जिसमें सुजानपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत दाड़ला की 20 महिलाओं ने भाग लिया। इस कोर्स के दौरान प्रतिभागियों ने रागी रोटी, बाजरा मोमो, बाजरा खिचड़ी, रागी आटे की कचौरी, अंकुरित दालों एवं मोटे अनाज के स्प्रिंग रोल इत्यादि व्यंजन बनाना सीखे। प्रशिक्षण कोर्स के समापन अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए एडीसी मनेश कुमार यादव ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से अपना कारोबार आरंभ करके अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर में महिला द्वारा संचालित किए जा रहे 'शी-हाट' स्वयं सहायता समूह ने एक मिसाल कायम की है। एडीसी ने बताया कि यह महिला स्वयं सहायता समूह दो-ढाई साल से कार्य कर रहा है और इसकी सालाना आय लगभग 70 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि इस समूह की महिलाएं प्रतिदिन चार-चार घंटे की तीन शिफ्टों में कार्य करती हैं।

## महिलाओं ने सीखा मोटे अनाज के व्यंजन बनाना

हमीरपुर। बाजरा, रागी और अन्य मोटे अनाज से बनने वाले विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों के बारे में महिलाओं को अवगत करवाने और प्रशिक्षित करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें विकास खंड सुजानपुर की ग्राम पंचायत दाड़ला की 20 महिलाओं ने भाग लिया।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने रागी रोटी, बाजरा मोमो, बाजरा खिचड़ी, रागी आटे की कचौरी, अंकुरित दालों एवं मोटे अनाज के स्प्रिंग रोल इत्यादि व्यंजन बनाना सीखे। प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रतिभागी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए एडीसी मनेश कुमार यादव ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से अपना कारोबार आरंभ करके अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

जिला सिरमौर में महिला की ओर से संचालित किए जा रहे शी-हाट स्वयं सहायता समूह ने एक मिसाल कायम की है। यह महिला स्वयं सहायता समूह दो-ढाई साल से कार्य कर रहा है और इसकी वार्षिक आय लगभग 70 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। इस समूह की महिलाएं प्रतिदिन चार-चार घंटे की तीन शिफ्टों में कार्य करती हैं और प्रत्येक महिला वर्ष में लगभग दो लाख रुपये तक कमा लेती है। संवाद

**न्यूज ब्रीफ**

## छह दिवसीय वर्कशॉप में स्वयं सहायता ग्रुप की 20 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण



**सुजानपुर |** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की तरफ से 6 दिवसीय वर्कशॉप बेसिक्स ऑफ कुकिंग न्यूट्रिशन एंड यूजेस ऑफ़ मिलेट्स कार्यक्रम आयोजित हुआ। अतिरिक्त उपायुक्त मनीष यादव बतौर चीफ गेस्ट मौजूद रहे। महिला व बाल विकास विभाग डीपीओ बलबीर सिंह बिरला ने बताया कि वर्कशॉप में स्वयं सहायता ग्रुप की 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। सुजानपुर ब्लॉक के दाडला पंचायत उपप्रधान जगन कटोच ने बताया वेदांता की तरफ से बने नंदघर की लाभार्थियों को आईएचएम में न्यूट्रीशन प्रशिक्षण दिया। महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मनीष यादव अतिरिक्त उपायुक्त ने विभिन्न प्रकार के रोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

AnyScanner

# होटल प्रबंधन संस्थान में मीट और मिंगल समारोह

संवाद न्यूज एजेंसी




होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में मिस्टर और मिस चुने गए प्रतिभागी संस्थान के पदाधिकारियों के साथ। स्रोत: संस्थान

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में नए और वरिष्ठ छात्रों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और मेल-मिलाप को बढ़ाने के लिए मीट और मिंगल (आरंभ) समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में एडीसी हमीरपुर एवं संस्थान के प्रधानाचार्य जितेंद्र सांजटा ने मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा कि युवा जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

उन्होंने कहा कि मेहनत के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने नए विद्यार्थियों को संस्थान के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान इशिता, शगुन, तरुण, प्रांजल, विनय और अन्य विद्यार्थियों ने पारंपरिक हिमाचली लोकनृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा पंजाबी भंगड़ा पेश कर खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान मुनिंदर कुमार को मिस्टर और इशिता को मिस फ्रेशर चुना गया। कार्यक्रम में संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने भी नए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### मुनिंदर कुमरा को मिस्टर और इशिता को चुना गया मिस फ्रेशर

# होटल प्रबंधन संस्थान में 'मीट और मिंगल' समारोह




हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में 'मीट और मिंगल (आरंभ) समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस समारोह का उद्देश्य संस्थान के नए और वरिष्ठ छात्रों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और मेल-मिलाप को बढ़ाना है। इस समारोह में एडीसी हमीरपुर एवं संस्थान के प्रधानाचार्य जितेंद्र सांजटा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्जवलन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। इसके अलावा पंजाबी भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति ने भी खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर आयोजित मिस्टर एवं मिस फ्रेशर प्रतियोगिता में मुनिंदर कुमार को मिस्टर फ्रेशर और इशिता अरुण को मिस फ्रेशर चुना गया।

AnyScanner

# नारा व पोस्टर मेकिंग में पुनीत-आकाश प्रथम

## होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में रैगिंग रोधी समिति की बैठक आयोजित

भास्कर न्यूज़ | हमीरपुर



होटल प्रबंधन संस्थान में रैगिंग रोधी समिति की बैठक आयोजित।

सरकारी क्षेत्र के होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर में रैगिंग रोधी समिति की बैठक आयोजित की गई। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्यों ने संस्थान के परिसर में रैगिंग को रोकने के लिए किए सभी आवश्यक प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में तहसीलदार सुभाष ठाकुर, पंकज भारतीय और समिति के अन्य सदस्यों के अलावा स्टूडेंट्स के अभिभावकों ने भी भाग लिया।

बंटा ने समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे संस्थान के परिसर और इसके आसपास के क्षेत्र की नियमित रूप से निगरानी रखें और रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलने पर तुरंत सूचित करें। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स को इसके प्रति जागरूक करने के लिए एंटी रैगिंग दिवस मनाया है। इस दिन स्टूडेंट्स को रैगिंग के दुष्प्रभावों और रैगिंग रोकने के लिए बनाए कानून की विस्तृत जानकारी दी व रैगिंग न करने की शपथ दिलाई। एंटी रैगिंग सप्ताह के दौरान रैगिंग के दुष्प्रभावों पर आधारित नारा लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और लघु नाटक प्रतियोगिता करवाई।

नारा लेखन प्रतियोगिता में पुनीत ठाकुर, शुभम भारद्वाज और यश त्यागी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में हेमा भट्ट, सौर्यान शर्मा और प्रांजल छाजटा क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आकाश शर्मा पहले, शुभम ठाकुर दूसरे और शगुन तीसरे स्थान पर रहे। हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रिंसिपल जितेंद्र सांजटा ने इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया था।

इस दौरान संस्थान के विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों और इसकी रोकथाम के लिए किए विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया कि रैगिंग के कारण कई विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हुआ है। इसको रोकने के लिए व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष कानून बनाया है।

# व्यावसायिक शिक्षा से बन सकती है भविष्य की नींव

## बाहनवीं स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण




बाहनवीं स्कूल के व्यावसायिक विषय के विद्यार्थियों ने होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रमाण पत्र हासिल किए। (स्रोत: संस्थान)

संवाद न्यूज एजेंसी

जाहू (हमीरपुर)। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहनवीं के व्यावसायिक विषय के 28 विद्यार्थियों ने आईएचएम (इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट) हमीरपुर में तीन दिन तक प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को पर्यटन विभाग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने 20 घंटे व्यावहारिक व क्रियाशील ट्रेनिंग में विस्तार से ज्ञान लिया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन शुक्रवार को एडीसी हमीरपुर जितेंद्र सांजटा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा से भविष्य की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि होटल मेनेजमेंट विषय में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इसका व्यावहारिक ज्ञान हासिल करके अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। इस दौरान संस्थान के एचओडी पुनीत बंटा ने भी स्कूल के छात्रों को होटल मेनेजमेंट के बारे में विस्तार से जागरूक किया। इस मौके पर व्यवसायिक शिक्षक रवीश ठाकुर, निर्मला देवी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

AnyScanner

# निबंध में हेमा, पोस्टर मेकिंग में आकाश अव्वल

## समिति ने रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए कानून की दी विस्तृत जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी



होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में रैगिंग रोधी समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारी और अन्य। (स्रोत: लोक संपर्क विभाग)

**हमीरपुर।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में रैगिंग रोधी समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्यों ने संस्थान के परिसर में रैगिंग को रोकने के लिए किए गए सभी आवश्यक प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में तहसीलदार सुभाष ठाकुर, पंकज भारतीय और समिति के अन्य सदस्यों के अलावा विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया।

पुनीत बंटा ने समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वह संस्थान के परिसर और इसके आसपास के क्षेत्र की नियमित रूप से निगरानी रखें और रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलने पर तुरंत सूचित करें। रैगिंग रोकने के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों की जानकारी देते हुए पुनीत बंटा ने कहा कि विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों और रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए कानून की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह भी मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान रैगिंग के दुष्प्रभावों पर आधारित नारा लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और लघु नाटक प्रतियोगिता करवाई गई तथा लघु वृत्तचित्र के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। नारा लेखन में पुनीत ठाकुर, शुभम भारद्वाज और यश त्यागी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया।

निबंध लेखन में हेमा भट्ट, सौर्यान शर्मा और प्रांजल छांजटा क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आकाश शर्मा पहले, शुभम ठाकुर दूसरे और शगुन तीसरे स्थान पर रहे। पुनीत बंटा ने कहा कि हमीरपुर के एडीसी एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य जितेंद्र सांजटा ने इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान संस्थान के विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों और इसकी रोकथाम के लिए किए गए विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें कहा कि रैगिंग के कारण कई विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हुआ है। इसे रोकने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष कानून बनाया गया है। रैगिंग के दोषियों को वारंट के बगैर गिरफ्तार किया जा सकता है और उन्हें तीन साल की सजा एवं जुर्माना हो सकता है।

# आईएचएम में आज तक रैगिंग का एक भी केस नहीं

## होटल प्रबंधन संस्थान में रैगिंग रोधी समिति की बैठक में खुलासा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-हमीरपुर



हमीरपुर: आईएचएम हमीरपुर में आयोजित रैगिंग रोधी समिति की बैठक

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर की स्थापना के लगभग 12 वर्षों में आज तक रैगिंग से संबंधित एक भी मामला सामने नहीं आया जोकि संस्थान के कुशल प्रबंधन को दर्शाता है। संस्थान में रैगिंग रोधी समिति की बैठक में इस बात की जानकारी दी गई। बता दें कि संस्थान में हिमाचल समेत विभिन्न राज्यों के अढ़ाई सौ से अधिक स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्यों ने संस्थान के परिसर में रैगिंग को रोकने के लिए किए गए सभी आवश्यक प्रबंधों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में तहसीलदार सुभाष ठाकुरए पंकज भारतीय और समिति के अन्य सदस्यों के अलावा विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया।इस अवसर पर पुनीत बंटा ने समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे संस्थान के परिसर और इसके आस-पास के क्षेत्र की नियमित रूप से निगरानी रखें और रैगिंग से संबंधित किसी भी तरह की घटना का पता चलने पर तुरंत सूचित करें। रैगिंग रोकने के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों की जानकारी देते हुए पुनीत बंटा ने बताया कि विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरुक करने के लिए 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों और रैगिंग रोकने के लिए बनाए गए कानून की विस्तृत जानकारी दी गई रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई।

## पार्श्व नारिया को मिला 2020-23 बैच के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का खिताब

# आईएचएम हमीरपुर में 'उड़ान-2023' की जबरदस्त धूम




नीलकांत भारद्वाज- हमीरपुर

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का 11वां वार्षिक उत्सव 'उड़ान-2023' बुधवार को संस्थान के परिसर में मनाया गया। इसमें एडीसी जितेंद्र सांजटा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर पार्श्व नारिया को बीएससी एचएंडएचए 2020-23 बैच का सर्वश्रेष्ठ छात्र घोषित किया गया। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए जितेंद्र सांजटा ने कहा कि आईएचएम हमीरपुर ने अल्प अवधि में ही कई बड़ी उपलब्धियां हासिल करके राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कई युवा विश्व के नामी होटलों, पर्यटन उद्योगों एवं कंपनियों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस संस्थान के विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो रही है तथा उन्हें अच्छे पैकेज मिल रहे हैं। एडीसी ने कहा कि आज के दौर में युवाओं के लिए नियमित शिक्षा के साथ-साथ किसी न किसी क्षेत्र में दक्षता हासिल करना भी बहुत आवश्यक है। शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उच्च प्रोफेशनलिजम पर भी बल दें तथा जीवन में आगे बढ़ें। इस मौके पर आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने एडीसी का स्वागत किया तथा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की एक शानदार झलक पेश की। संस्थान के प्रवक्ता रोमी शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बेस्ट स्टूडेंट्स ट्रॉफी की स्पॉन्सरशिप के लिए गोल्डन ट्यूलिप का आभार व्यक्त किया। समारोह में बीडीओ हमीरपुर अभिनीत, एटीडीओ रवि धीमान, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर नवीन, पीएनबी के मैनेजर अजीत कुमार, सेवन सीज से छवि कटारा, गोल्डन ट्यूलिप से संजीव और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। **(एचडीएम)**

### सराहनीय काम करने वाले विद्यार्थी नवाजे

इस अवसर पर एडीसी ने विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सत्र 2021-22 में शैक्षणिक गतिविधियों में अंशुल धीमान को प्रथम, रोहित सूर्यवंशी को द्वितीय और सवीना को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय वर्ष की प्रीति को प्रथम, यतिन अरोड़ा को द्वितीय और रोहित शर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रथम वर्ष में अमित काशिव प्रथम, ध्रुवाकक्ष जंदरोटिया द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही। क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन में विशाल पराशर प्रथम, यमन ठाकुर द्वितीय और राहुल डोगरा तृतीय स्थान पर रहे। डिप्लोमा फूड एंड बीवरेज में लक्की कौंडल को प्रथम, आशीष कुमार को द्वितीय और रिकी को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। सज्जाकार क्लब में प्रीति, मिक्सोलॉजी क्लब में पार्श्व नारिया, गुरमय क्लब में रोहित शर्मा और आतिथ्यम क्लब में सिमरन शाह को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के पुस्कार मिले।

Divya Himachal, 6/04/2023

AnyScanner



**नाटी का जलवा**

होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर के 11वें वार्षिक उत्सव उड़ान-2023 के दौरान नाटी डालते विद्यार्थी। -संवाद

Amar Ujala, 06/04/2023

# शैक्षणिक गतिविधियों में अंशुल प्रथम, पार्श्व बने सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी

## आईएचएम में वार्षिक उत्सव उड़ान-2023 की धूम, एडीसी ने बांटे पुरस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी



वार्षिक उत्सव उड़ान-2023 के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते एडीसी। -संवाद

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का 11वां वार्षिक उत्सव 'उड़ान-2023' बुधवार को संस्थान के परिसर में मनाया गया। इसमें एडीसी जितेंद्र सांजटा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए जितेंद्र सांजटा ने कहा कि आईएचएम हमीरपुर ने अल्प अवधि में ही कई बड़ी उपलब्धियां हासिल करके राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कई युवा विश्व के नामी होटलों, पर्यटन उद्योगों एवं कंपनियों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस संस्थान के विद्यार्थियों की 100 फीसदी प्लेसमेंट हो रही है और उन्हें अच्छे पैकेज मिल रहे हैं। एडीसी ने कहा कि होटल एवं पर्यटन उद्योग में युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर एडीसी ने विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। सत्र 2021-22 में शैक्षणिक गतिविधियों में अंशुल धीमान को प्रथम, रोहित सूर्यवंशी को द्वितीय और सवीना को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय वर्ष की प्रीति को प्रथम, यतिन अरोड़ा को द्वितीय और रोहित शर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रथम वर्ष में अमित काशिव प्रथम, धुरवाकक्ष जंदरोटिया द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही।

पार्श्व नारिया को बीएससी एच एंड एचए 2020-23 बैच का सर्वश्रेष्ठ छात्र घोषित किया गया। इस अवसर पर आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने एडीसी का स्वागत किया तथा संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। संस्थान के प्रवक्ता रोमी शर्मा मे मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बेस्ट स्टूडेंट्स ट्रॉफी की स्पॉंरशिप के लिए गोल्डन ट्यूलिप का आभार व्यक्त किया।

समारोह में बीडीओ अभिनीत कात्यायन, एटीडीओ रवि धीमान, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर नवीन, पीएनबी के मैनेजर अजीत कुमार, सेवन सीज से छवि कटारा, गोल्डन ट्यूलिप से संजीव ठाकुर और अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### फूड प्रोडक्शन में विशाल पराशर अव्वल

क्राफ्ट कोर्स फूड प्रोडक्शन में विशाल पराशर प्रथम, यमन ठाकुर द्वितीय और राहुल डोगरा तृतीय रहे। डिप्लोमा फूड एंड बीवरेज में लक्की कौंडल को प्रथम, आशीष कुमार को द्वितीय और रिकी को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। सज्जाकार क्लब में प्रीति, मिक्सोलॉजी क्लब में पार्श्व नारिया, गुरमय क्लब में रोहित शर्मा और आतिथ्यम क्लब में सिमरन शाह को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के पुस्कार मिले।

Amar Ujala, 06/04/2023

# अब तीन साल के बाद मिलेगी जेएनयू की डिग्री, सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थान में छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाओं का जोड़ा

## इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट संस्थान के अंतिम वर्ष के सभी स्टूडेंट्स का नौकरी के लिए हुआ चयन

**अश्वनी वालिया | हमीरपुर**

सरकारी क्षेत्र के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट संस्थान से प्रशिक्षित स्टूडेंट्स को अब जेएनयू जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी की ओर से मान्यता प्राप्त डिग्री मिलेगी। यहां स्थित प्रदेश के दूसरे इस संस्थान में यह सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान करने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय वा एनसीएचएम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो गए हैं।

नई दिल्ली में हुए इस समझौते पर भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन सचिव अरविंद सिंह जेएनयू के वीसी प्रकाशित शांति पंडित नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट व कैटरिंग टेक्नोलॉजी एनसीएचएमसीटी के ज्ञान भूषण जेएनयू के प्रो. सतीश गाबरकोटी रजिस्ट्रार प्रो. रविकेश भी उस मौके मौजूद थे। अब स्टूडेंट्स को शैक्षणिक सत्र 2003 -2024 में यह सुविधा मिलेगी। इस संस्थान में अब स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल तौर पर शिक्षा देने के लिए यहां बड़े-बड़े होटलों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं को जोड़ दिया गया।

यहां अब किस तरह मैनेजमेंट के तौर पर सुविधाएं दी जा सकती हैं। स्टूडेंट्स यहां प्रैक्टिकल तौर पर जानकारी हासिल कर सकेंगे इसमें लॉन्ड्री से लेकर गेस्ट रूम स्मार्ट क्लासरूम को भी शामिल किया है। इसमें इस संस्थान में हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली सहित कई राज्यों के स्टूडेंट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं। संस्थान के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो यहां 200 के करीब सभी स्टूडेंट है। 1 साल के बाद नेशनल काउंसिल से सर्टिफिकेट मिलेगा 2 साल के बाद डिप्लोमा और 3 साल के बाद जेएनयू से बीएससी की डिग्री और 4 साल के बाद बीएससी ऑनर्स जेएनयू डिग्री मिल सकेगी।



सरकारी क्षेत्र के होटल मैनेजमेंट संस्थान में नई सुविधाओं को जोड़ने की जानकारी देते एडीसी जितेंद्र सांजटा।

**प्लेसमेंट बढ़ी :** संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा का कहना है कि अंतिम वर्ष के सभी स्टूडेंट्स का पांच सितारा होटल व अन्य हॉस्पिटैलिटी क्षेत्रों में प्लेसमेंट हुआ है। उनका कहना है कि नॉर्थ जोन में आईएचएम हमीरपुर एडमिशन के क्षेत्र में फरीदाबाद के साथ पहले नंबर पर है। यहां के स्टूडेंट्स आर्यन, सूर्यांश, सुशांत, नीरज, रोहित शर्मा ,सिमरन , प्रीति ,अभिषेक पाल, कैफ खान ,करण, रोहित सहित स्टूडेंट्स का अलग-अलग क्षेत्रों में प्लेसमेंट हुआ है जिन्हें दो लाख से ज्यादा का पैकेज मिलेगा।

*▮ एनसीएचएम ओर जेएनयू के साथ एक समझौता ज्ञापन हुआ है जिसके तहत अलग-अलग स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। संस्थान में आधुनिक सुविधाओं को जोड़ दिया गया है और यहां का प्लेसमेंट आंकड़ा की इस बार बहुत ही बढ़िया रहा है। अंतिम वर्ष के करीब सभी स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हो चुका है।*

**जितेंद्र सांजटा,** एडीसी इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट संस्थान प्रिंसिपल हमीरपुर

---

**प्रतिभा** | **'थीम लंच' कार्यक्रम में एडीसी जितेंद्र सांजटा और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दिखाया हुनर**

# आईएचएम के प्रशिक्षुओं ने बनाए लजीज व्यंजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**हमीरपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन हमीरपुर के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को 'थीम लंच' कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने कई तरह के व्यंजन तैयार किए और होटल प्रबंधन से संबंधित अन्य गतिविधियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस दौरान हमीरपुर के एडीसी हमीरपुर एवं आईएचएम के कार्यकारी प्रधानाचार्य जितेंद्र सांजटा, विशेष अतिथिगण, आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष

## विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताईं संस्थान की गतिविधियों और उपलब्धियां

पुनीत बंटा ने बताया कि वर्ष 2009 में स्थापित यह स्वायत्त संस्थान केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित है।

उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे के साथ यह हिमाचल प्रदेश का एकमात्र संस्थान है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पांच सितारा होटलों और अन्य बड़े उद्यमों की पसंद बन चुके आईएचएम हमीरपुर के छात्रों की भर्ती के लिए इस साल भी विभिन्न कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट के लिए दस्तक दी है।

बीएससी होटल प्रबंधन तथा हॉस्पिटैलिटी के अंतिम वर्ष के छात्रों को नामी कंपनियों ने नियुक्ति पत्र दिए हैं।

## इस वर्ष 100 फीसदी रहा प्लेसमेंट

**विभागाध्यक्ष** ने बताया कि संस्थान की प्लेसमेंट का आंकड़ा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 100 प्रतिशत रहा। फरीदाबाद के बाद आईएचएम हमीरपुर का देश में दूसरे स्थान पर रैंक है। उन्होंने बताया कि संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विवरण एवं प्रवेश से संबंधित जानकारियां संस्थान की वेबसाइट आईएचएम हमीरपुर डॉट इन पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## संस्थान ने जेएनयू से किया है करार

**विभागाध्यक्ष** पुनीत बंटा ने बताया कि आईएचएम हमीरपुर में पढ़ाए जा रहे होटल मैनेजमेंट में विभिन्न प्रकार के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान करने के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (एनसीएचएमसीटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन के बाद अब एनसीएचएमसीटी पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को जेएनयू की ओर से डिग्री प्रदान की जाएगी। यह डिग्री विद्यार्थियों को देश-विदेश में बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। पुनीत बंटा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-2024 से यह व्यवस्था लागू कर दी गई है।

AnyScanner

# कैंपस प्लेसमेंट: सरकारी संस्थान के तीस स्टूडेंट्स हुए चयनित, सालाना 4 लाख तक का पैकेज मिला

## कई छात्र देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में बड़े पैकेज कर चुके हैं प्राप्त

भास्कर न्यूज | हमीरपुर

होटल प्रबंधन संस्थान के स्टूडेंट्स को रोजगार मुहैया करवाने के लिए देश की बड़ी कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 30 स्टूडेंट्स का चयन किया है। कंपनियां छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को यह ऑफर लेटर प्रदान कर रही हैं। इस कड़ी में अभी तक द ओबेरॉय, मैकडोनाल्ड्स और बीकानेरवाला आदि कंपनियां कैंपस में प्लेसमेंट के लिए आ चुकी हैं। इन कंपनियों ने मैनेजमेंट ट्रेनिंग व सुपरवाइजरी लेवल के लिए छात्रों के इंटरव्यू लिए और उन्हें ढाई से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष के वेतन पैकेज के प्रस्ताव दिए। संस्थान के 45 छात्रों ने कैम्पस प्लेसमेंट में भाग लिया। इनमें से अभी तक करीब 30 छात्रों को कंपनियों की ओर से प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं। आईएचएम से कई छात्र बड़ी कंपनियों में बड़े पैकेज प्राप्त कर चुके हैं।



सरकारी संस्थान के स्टूडेंट्स को चार लाख तक का पैकेज, 30 स्टूडेंट्स का चयन।

**इनका हुआ चयन :** कंपनियों की ओर से जिन स्टूडेंट्स का चयन किया है उनमें इस वर्ष के छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों मोहित, यतिन, सिमरन, गौतम, आर्यन, नीरज, निर्मला, रवि, रिशांत, नंदिता, कैफ, प्रीति, ज्ञानेश्वर, अभिषेक, शुभम और अन्य स्टूडेंट्स को ऑफर लेटर दिए हैं। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा का कहना है कि इस संस्थान के छात्र देश-विदेश में हॉस्पिटैलिटी व टूरिज्म के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहे हैं। संस्थान में समय की मांग के मद्देनजर छात्रों की न सिर्फ शिक्षा में गुणवत्ता पर बल दिया जाता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित किया जाता है।

### आई.एच.एम. हमीरपुर में कैंपस इंटरव्यू के लिए कंपनियों ने दी दस्तक

# छठे सैमेस्टर के विद्यार्थियों को अढ़ाई से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष के वेतन पैकेज के दिए ऑफर

हमीरपुर, 12 जनवरी (का.प्र.): होटल प्रबंधन संस्थान (आई.एच.एम.) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए देश की प्रसिद्ध कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। इस कड़ी में अभी तक द ओबरॉय, मैकडोनाल्ड्स और बीकानेरवाला इत्यादि कंपनियां कैंपस में प्लेसमैंट के लिए आ चुकी हैं।

संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं प्लेसमैंट इंचार्ज पुनीत बंटा ने बताया कि इन कंपनियों ने मैनेजमैंट ट्रेनिंग व सुपरवाइजरी लेवल के लिए विद्यार्थियों के इंटरव्यू लिए और उन्हें अढ़ाई से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष के वेतन पैकेज के प्रस्ताव दिए हैं। संस्थान के छात्रों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया और 45 छात्रों ने कैम्पस प्लेसमैंट में भाग लिया। इनमें से अभी तक करीब 30 छात्रों को कंपनियों की ओर से प्लेसमैंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं। पुनीत बंटा ने बताया कि अगले दो महीनों के दौरान अन्य प्रसिद्ध कंपनियां भी कैंपस इंटरव्यू करने के लिए आई.एच.एम. में आने वाली हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक के दौरान आई.एच.एम. हमीरपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कई छात्र देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में बड़े पैकेज प्राप्त कर चुके हैं।



*हमीरपुर : आई.एच.एम. हमीरपुर में कैंपस इंटरव्यू विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए छात्र सामूहिक चित्र में।* (का.प्र.)

पुनीत बंटा ने कहा कि यह संस्थान के छात्रों के साथ-साथ संस्थान के शिक्षकों व अन्य स्टाफ की ही मेहनत का नतीजा है जो प्रतिवर्ष इस संस्थान के छात्र देश-विदेश में हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में समय की मांग के मद्देनजर छात्रों की न सिर्फ शिक्षा में गुणवत्ता पर बल दिया जाता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित किया जाता है। संस्थान में विद्यार्थियों को उनके संबंधित क्षेत्र के लिए हुनरमंद बनाने तथा उनको पूर्ण तौर पर आत्मनिर्भर बनाने की ओर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष छठे सैमेस्टर के विद्यार्थियों मोहित, यतिन, सिमरन, गौतम, आर्यन, नीरज, निर्मला, रवि, रिशांत, नंदिता, कैफ, प्रीति, ज्ञानेश्वर, अभिषेक, शुभम और अन्य विद्यार्थियों को ऑफर लैटर दिए जा चुके हैं। पुनीत बंटा ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी संस्थान के छात्रों की प्लेसमैंट का आंकड़ा पिछले वर्षों की भांति 100 प्रतिशत रहेगा।

इंटरव्यू आईएचएम हमीरपुर में कैंपस इंटरव्यू के लिए कंपनियों ने दी दस्तक, अढ़ाई से 4 लाख रुपए के वेतन पैकेज

# 30 होनहारों को कंपनियों का प्लेसमेंट ऑफर

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-हमीरपुर



होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए देश की प्रसिद्ध कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। इस कड़ी में अभी तक द ओबरॉय, मैकडोनाल्ड्स और बीकानेरवाला इत्यादि कंपनियां कैंपस में प्लेसमेंट के लिए आ चुकी हैं। संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं प्लेसमेंट इंचार्ज पुनीत बंटा ने बताया कि इन कंपनियों ने मैनेजमेंट ट्रेनिंग व सुपरवाइजरी लेवल के लिए छात्रों के इंटरव्यू लिए और उन्हें अढ़ाई से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष के वेतन पैकेज के प्रस्ताव दिए हैं। संस्थान के छात्रों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया और 45 छात्रों ने कैम्पस प्लेसमेंट में भाग लिया। इनमें से अभी तक करीब 30 छात्रों को कंपनियों की ओर से प्लेसमेंट ऑफर प्रदान किए जा चुके हैं। पुनीत बंटा ने बताया कि अगले दो महीनों के दौरान अन्य प्रसिद्ध कंपनियां भी कैंपस इंटरव्यू करने के लिए आईएचएम में आने वाली हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक के दौरान आईएचएम हमीरपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कई छात्र देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में बड़े पैकेज प्राप्त कर चुके हैं। पुनीत बंटा ने कहा कि यह संस्थान के छात्रों के साथ-साथ संस्थान के शिक्षकों व अन्य स्टाफ की ही मेहनत का नतीजा है जो प्रतिवर्ष इस संस्थान के छात्र देश-विदेश में हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में समय की मांग के मद्देनजर छात्रों को न सिर्फ शिक्षा में गुणवत्ता पर बल दिया जाता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित किया जाता है। संस्थान में विद्यार्थियों को उनके संबंधित क्षेत्र के लिए हुनरमंद बनाने तथा उनको पूर्ण तौर पर आत्मनिर्भर बनाने की ओर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों मोहित, यतिन, सिमरन, गौतम, आर्यन, नीरज, निर्मला, रवि, रिशांत, नंदिता, कैफ, प्रीति, ज्ञानेश्वर, अभिषेक, शुभम और अन्य विद्यार्थियों को ऑफर लैटर दिए जा चुके हैं। पुनीत बंटा ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी संस्थान के छात्रों की प्लेसमेंट का आंकड़ा पिछले वर्षों की भांति 100 प्रतिशत रहेगा।

# 45 छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया, 30 ने पाई नौकरी

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए देश की प्रसिद्ध कंपनियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। इस कड़ी में अभी तक द ओबरॉय, मैकडोनाल्ड्स और बीकानेरवाला इत्यादि कंपनियां कैंपस में प्लेसमेंट के लिए आ चुकी हैं। संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं नियुक्ति प्रभारी पुनीत बंटा ने बताया कि इन कंपनियों ने मैनेजमेंट ट्रेनिंग और सुपरवाइजर लेवल के लिए छात्रों के इंटरव्यू लिए और उन्हें ढाई से चार लाख रुपये प्रति वर्ष के वेतन पैकेज के प्रस्ताव दिए हैं।

संस्थान के छात्रों ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया और 45 छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में भाग लिया। इनमें से अभी तक करीब 30 छात्रों को कंपनियों की ओर से नियुक्ति पत्र (प्लेसमेंट ऑफर) प्रदान किए जा चुके हैं। पुनीत बंटा ने बताया कि अगले दो माह के दौरान अन्य प्रसिद्ध कंपनियां भी कैंपस इंटरव्यू करने के लिए आईएचएम में आने वाली हैं।

पिछले एक दशक के दौरान आईएचएम हमीरपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कई छात्र देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में बड़े पैकेज प्राप्त कर चुके हैं। विभागाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों मोहित, यतिन, सिमरन, गौतम, आर्यन, नीरज, निर्मला, रवि, रिशांत, नंदिता, प्रीति, ज्ञानेश्वर, अभिषेक, शुभम और अन्य विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

पुनीत बंटा ने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी संस्थान के छात्रों की प्लेसमेंट का आंकड़ा पिछले वर्षों की भांति 100 फीसदी रहेगा। संवाद

SCAN AnyScanner